>

Title: The Speaker made reference to the Eleventh Anniversary of terrorist attack on Parliament House on 13th December, 2001.

**अध्यक्ष महोदया:** माननीय सदस्यगण, 13 दिसम्बर, 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले की आज ग्यारहवीं बरसी है। हमारे लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था की सफलतापूर्वक रक्षा के लिए आतंकवादियों के नापाक इरादों को विफल करते हुए दिल्ली पुलिस के पांच जवान सर्वश्री नानक चंद, रामपाल, ओम प्रकाश, विजेन्द्र सिंह और घनश्याम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कांस्टेबल श्रीमती कमलेश कुमारी तथा संसद सुरक्षा सेवा के दो सुरक्षा सहायक सर्वश्री जगदीश प्रसाद यादव और मातबर सिंह नेगी शहीद हो गए थे। एक कर्मचारी श्री देशराज ने भी अपने प्राण गवाएं।

इस अवसर पर यह सभा हमारे बहादुर सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है।

हम अपने देश की एकता, अखण्डता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए अपनी वचनबद्धता को दोहराते हैं।

अब सभा के सदस्य इस भावपूर्ण अवसर पर खड़े होकर कुछ देर मौन धारण करेंगे।

**11.01 hrs.**

*The Members then stood in silence for short while.*

...(व्यवधान)

**11.02 hrs.**

*At this stage Shri Ramashanker Rajbhar and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

...(व्यवधान)

**11.03 hrs.**

MADAM SPEAKER: Question Hour.

Question no. 281. Shri Ajay Kumar.

...(*Interruptions*)